1	2	3	4
D.V.C.	C'Pura 1—3	420	1076
	—4	120	141
	—5	120	..
	—6	120	216
	C'Pura 1—6	780	1433
	Durgapur 1—6	250	266
	Bokaro	227·5	440
	Total :	1257·5	2139
Orissa	Talcher	250	408
West Bengal	C.E.S.C.	328	958
	D.P.L.	280	382
	Bandel	320	976
	Santaldih—1	120	115
	—2	120	285
	—3	120	187
	Santaldih 1—3	360	687
	Gouripur	28	30
	Others	100	74
	Total :	1416·0	3107
Assam	Namrup	111·5	226
	Chandrapur	30	62
	Total :	141·5	288
Total All-India			
Thermal Including Nuclear		16787	34827

Earning of T. V. and Radio

2059. SHRI DHARAM BIR SINHA: Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING be pleased to state the actual earnings of the Television and Radio commercial services from FERA, MRTP, Public Sector and Small Scale Companies during 1976-77 and 1977-78?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING (KUMARI KUMUDBEN M. JOSHI): The information is being collected and will be laid on the Table of the House.

गोरखपुर आकाशवाणी केन्द्र की क्षमता

2060. श्री राम अवध : क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि गोरखपुर आकाशवाणी केन्द्र की क्षमता पर्याप्त होते हुए भी, वहां से प्रसारित कार्यक्रम नीरस और घटिया स्तर के होते हैं;

(ख) यदि हां, तो इसका उत्तरदायित्व किस पर है ;

(ग) क्या इस क्षेत्र में कभी श्रोताओं की रुचि का अनुसन्धान किया गया है ; और

(घ) यदि हां, तो इसका परिणाम क्या रहा और इस सम्बन्ध में पूर्ण विवरण क्या है ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय में उप मंत्री (कुमारी कुमुदबेन एम० जोशी) : (क) जी, नहीं। आकाशवाणी, गोरखपुर से प्रसारित होने वाले कार्यक्रम नीरस या घटिया स्तर के नहीं होते। एक श्रोता अनुसन्धान सर्वेक्षण के अनुसार, लगभग एक तिहाई उत्तरवादियों ने कार्यक्रमों में कोई परिवर्तन नहीं चाहा और इन कार्याक्रमों को अच्छा समझा। केन्द्र पर एक प्रादेशिक समाचार एकक और एक अलग फार्म और गृह यूनिट शुरू करने जैसे सर्वेक्षण के उत्तरवादियों द्वारा दिए गए कुछ मुख्य सुझाव मंजूर कर लिए हैं और उनको कार्यान्वित कर दिया गया है।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

(ग) जी, हां। श्रोता अनुसन्धान यूनिट द्वारा 1977 में एक सामान्य श्रोता सर्वेक्षण किया गया था।

(घ) निष्कर्षों की विशेषताएं निम्नखित हैं :—

(1) "ग्राम जगत" और "खेती की बातें" नामक कार्याक्रमों को ग्रामीण लोगों में बहुत लोकप्रिय पाया गया है ;

(2) एक सप्ताह की अवधि के दौरान यह पाया गया था कि घरेलू रेडियो सेटों का श्रवण शहरी, ग्रामीण और कबीली क्षेत्रों के सभी श्रेणियों के उत्तरवादियों में शतप्रतिशत है ;

(3) रेडियो का दैनिक श्रवण लगभग 60 प्रतिशत था ; और

(4) समाचार, संगीत विशेषकर लोक गीत श्रोताओं में लोकप्रिय थे। रविवार के "प्रगति की ओर" जैसे विकासात्मक कार्यक्रमों के भी काफी श्रोता हैं।

ऊर्जा मंत्रालय के कर्मचारियों के सामान्य भविष्य-निधि लेखे

2061. **श्री कमला मिश्र मधुकर :** क्या ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि उर्जा और कोयला विभागों और उनके सम्बद्ध और अधीनस्थ कार्यालयों में कार्यरत तथा वहां से स्थानांतरित कर्मचारियों के सामान्य भविष्य-निधि खातों को अद्यतन करने में बड़ी अकुशलता व्याप्त है तथा ऐसे कई खाते कई वर्षों से अधूरे पड़े हैं ;

(ख) क्या यह भी सच है कि उनके सामान्य भविष्य-निधि के खाते अधूरे होने के कारण उन्हें उनके खाते में जमा पूरी राशि के ऋण नहीं दिए जाते हैं जिसके परिणामस्वरूप उन्हें अपनी वित्तीय कठिनाइयों का समाधान करने में बड़ी कठिनाई होती है ;

(ग) 2 वर्ष से अधिक समय से लम्बित पड़े सामान्य भविष्य-निधि खातों की संख्या क्या है और तत्सम्बन्धी कारण क्या हैं ; और

(घ) सभी कर्मचारियों के खातों को अध्ययन करने के लिए उठाये जा रहे कदम क्या हैं और इस कार्य के कब तक पूरा होने की संभावना है ?

ऊर्जा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विक्रम महाजन) : (क) से (घ). विद्युत् तथा कोयला विभागों के सम्बद्ध/अधीनस्थ कार्यालयों से सूचना एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी।